प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

..................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज सीकर के दौरे पर है। श्री धनखड़ ने यहां एक निजी संस्थान के रजत जयंती वार्षिक समारोह में हिस्सा लिया। समारोह में उप मुख्यमंत्री और तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी मौजूद रहे। इससे पहले जयपुर हवाई अड्डे पहुंचने पर राज्यपाल हरिभाऊ किशन राव बागड़े ने उनकी अगवानी की।

..................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि चिकित्सा व्यवसाय नहीं, सबसे पवित्र सेवा कार्य है। चिकित्सक को चाहिए कि वह कम से कम दवा और सस्ता सुलभ इलाज करते हुए अपने रोगियों को ठीक करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने हृदय रोग से बचाव और उपचार के लिए जागरूकता का प्रसार किए जाने पर भी जोर दिया है। श्री बागडे आज जयपुर में आयोजित 'हार्ट कॉन्क्लेव 2024' को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हृदय रोग इस समय हर उम्र के लोगों को हो रहा है। इससे बचाव के साथ जीवन रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जाने चाहिए। श्री बागडे ने योग की भारतीय संस्कृति और शारीरिक व्यायाम से युवा पीढ़ी को जोड़ने, कार्यस्थलों पर स्वस्थ वातावरण बनाने और हृदय रोगों से बचाव के साथ सावधानियों के प्रति जागरूक किए जाने पर भी जोर दिया।

..................

राज्य में 7 विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उप चुनाव के लिए सरगर्मिया तेज हो गई है। विभिन्न दलों ने अपने–अपने प्रत्याशियों के चयन के लिए कवायद शुरू कर दी है। भारत आदिवासी पार्टी ने डूंगरपुर जिले के चौरासी विधानसभा सीट से अनिल कटारा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत ने बताया कि अनिल कटारा पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी होंगे। राजकुमार रोत के सांसद बनने के बाद चोरासी विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहे है।

..................

प्रदेश में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के सामूहिक प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी में सवाईमाधोपुर में आज स्कूली विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को तम्बाकू का सेवन नहीं करने का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की ओर से सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू का सेवन करने वालों के चालान काटे जा रहे है और स्कूलों में तम्बाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई जा रही है।

..................

प्रदेशभर में गुलाबी सर्दी की आहट के साथ ही सुबह और शाम के तापमान में गिरावट देखी जा रही है। वहीं दिन में तीखी धूप से लोगों को तेज गर्मी का अहसास हो रहा है। पिछले 24 घंटों में राज्य में मौसम शुष्क बना रहा। सबसे ज्यादा तापमान 39 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस श्रीगंगानगर में दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान 16 दशमलव 2 डिग्री सीकर में रिकॉर्ड किया गया। वहीं मौसम में आये अचानक बदलाव से मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ रहा है। जोधपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि अस्पतालों में डेंगू और चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या बढ रही है। सवाईमाधोपुर में भी मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर है। बीमारियों की रोकथाम के लिए जिले में स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान का तीसरा चरण भी चलाया जा रहा है।

..................

डीग जिले के सावंई गांव के रहने वाले प्रगतिशील किसान नत्थी लाल शर्मा ने परंपरागत कृषि में बदलाव कर एक हेक्टेयर से अधिक भूमि में ड्रैगन फ्रूट की खेती करके नवाचार किया है। उन्होंने फसल को उगाने के लिए केवल गोबर खाद का प्रयोग करके सलाइन जमीन में जैविक खेती का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। किसान ने अपनी खाली पड़ी जमीन में लगभग 3 हजार पौधे

लगाकर लाखों का मुनाफा कमाया है। उन्होंने कहा की फसल विविधीकरण करने से हम राजस्थान की रेतीली मिट्टी में भी नई फसलें उगा सकते हैं।
उनका कहना है कि किसान समय–समय पर कृषि और उद्यानिकी विभाग से संपर्क कर कृषि की नई तकनीकों के बारे में सीख सकते हैं। साथ ही परंपरागत कृषि के साथ उद्यानिकी फसलों पर प्रशिक्षण लेकर अपने खेतों में नए प्रयोग कर सकते हैं।

..................

तीरंदाज़ी विश्व कप फ़ाइनल 2024 आज से मेक्सिको में शुरू होगा। भारत की ओर से इसमें पांच खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिनमें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम, ओलिम्पिक खिलाड़ी दीपिका कुमारी और धीरज बोम्मदेवरा तथा प्रियांश और प्रथमेश फुगे शामिल हैं। पुरुषों की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धाएं आज रात साढ़े नौ बजे से शुरू होंगी। इसमें कुल 32 तीरंदाज भाग लेंगे। यह इस वर्ष की आखिरी अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता है।

..................

आज भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का पहला मुकाबला आज जापान से होगा। मलेशिया में खेले जा रहे 12वें सुल्तान जोहोर कप में भारत कल ग्रेट ब्रिटेन से भिडेगा। भारत का 22 को मलेशिया से और 23 तारीख को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा। भारतीय टीम का ग्रुप चरण का आखिरी मुकाबला न्यूजीलैंड के साथ इस महीने की 25 तारीख को होगा। गौरतलब है कि सुल्तान जोहोर कप की शुरुआत 2011 में हुई थी। भारत और ग्रेट ब्रिटेन की टीम तीन–तीन बार यह खिताब जीत चुकी है।

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 27 अक्टूबर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 25 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन सुझाव भी दिये जा सकते हैं।

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में कर्मयोगी सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। इस सप्ताह के दौरान मंत्रालयों और विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। हर कर्मचारी को कम से कम 4 घंटे का पाठ्यक्रम पूरा करना होगा। इस सप्ताह के प्रख्यात वक्ता अपनी विशेषज्ञता से जुडे विषयों पर व्याख्यान देंगे। इस प्रशिक्षण से व्यक्तिगत प्रतिभागियों मंत्रालयों, विभागों और संगठनों की क्षमता का विकास होगा।

..................